## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–08.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 10 जुलाई को रांची में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक को लेकर तैयारियां तेज, सुरक्षा के किये जा रहे हैं व्यापक प्रबंध।
2. झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने रद्द किया बीएड, एमएड और बीपीएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट, प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसेलिंग की प्रक्रिया भी स्थगित।
3. शराब घोटाला मामले में एसीबी की कार्रवाई तेज, छतीसगढ़ के दो कारोबारियों को किया गिरफ्तार, अब तक इस मामले में 10 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी।
4. रांची, खूंटी और लातेहार समेत राज्य के 10 जिलों में आज तेज हवा के साथ भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट, मौसम विभाग ने लोगों को किया सतर्क।
5. रांची में जारी 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी में झारखंड ने आंध्रप्रदेश को 4–0 से हराया, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश और ओडिसा ने भी जीते अपने– अपने मैच।।

*******************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 10 जुलाई को रांची में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी है। श्री शाह के आगमन से पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव रांची पहुंच चुके हैं। बैठक में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिसा के करीब 68 प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। झारखंड के पुलिस प्रवक्ता माइकल राज ने बताया कि बैठक को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लंबे समय से दिल्ली में होने पर भाजपा ने सवाल उठाये हैं। पार्टी प्रवक्ता अजय साह ने कहा है कि श्री सोरेन को पुत्रधर्म के साथ–साथ राजधर्म का भी पालन करना चाहिए। मुख्यमंत्री के राज्य में नहीं होने से गवर्नेंस पर असर पड़ रहा है।
साउंड बाइट – अजय साह (राज्य सरकार) – 23 सेकेंड
भाजपा के इस बयान पर झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा है कि पिता के इलाज के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भले ही दिल्ली में हैं लेकिन राज्य में होने वाली छोटी–छोटी घटनाओं पर भी उनकी नजर है।

*******************

झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से बीते 4 जुलाई को प्रकाशित बीएड, एमएड और बीपीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा प्रतियोगिता का रिजल्ट रद्द कर दिया गया है। वहीं, इस रिजल्ट के आधार पर 7 जुलाई को निर्धारित प्रथम चक्र का ऑनलाइन साक्षात्कार भी अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। इस परीक्षा में 50 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए थे।

*******************

राज्य में 70 करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो –एसीबी ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस कड़ी में एसीबी की टीम ने ओम साईं कंपनी के डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह और मुकेश मनचंदा को गिरफ्तार किया है। दोनों व्यक्ति छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। इससे पहले एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए बीते दो जुलाई को प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एसीबी अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार कर चुका है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की विध्वंसक गतिविधियों की खुफिया सूचना के आधार पर चाईबासा पुलिस, सरायकेला–खरसावां पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने टोकलो थाना क्षेत्र के कोटसोना और लांजी के जंगली पहाड़ी इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 16 शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किए, जिन्हें बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

*******************

सावन में टाटानगर से देवघर जाने वाले शिव भक्तों के लिए एक और ट्रेन का विकल्प दिया गया है।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- गुमला जिले के सिसई रोड निवासी व्यवसायी बिनोद अग्रवाल हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।
- चतरा के 64 युवाओं का चयन दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत डेटा इंट्री सेवा के लिए किया गया है। इन सभी युवाओं को प्रशिक्षण के लिए रांची भेजा जायेगा।
- हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के महेश सोनी चौक के समीप से एक जुलाई को अपहृत डेढ़ वर्षीय बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के 10 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी और वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विभाग ने कुछ जिलों के लिए ऑरेंज तो कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

*******************

रांची में जारी 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी के पांचवे दिन कई मुकाबले हुए। इस दौरान मेजबान झारखंड ने आंध्रप्रदेश को 4–0 से हराया। अन्य मैचों में मणिपुर हॉकी ने उत्तराखंड को, मिजोरम ने बिहार को, मध्य प्रदेश ने चंडीगढ़ को और ओडिशा ने पंजाब को पराजित किया। तमिलनाडु और बंगाल का मुकाबला गोलरहित बराबरी पर छूटा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में बीएड, एमएड और बीपीएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट रद्द किये जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– अब नयी नियमावली से होगी चार हजार नौ सौ उन्नीस पदों पर सिपाही बहाली, पुराना विज्ञापन होगा रद्द।

हिन्दुस्तान ने कर्मचारियों की कल होने वाली देशव्यापी हड़ताल की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

प्रभात खबर लिखता है– पूर्णिया में आदिवासी परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाया।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– नयी व्यवस्था लागू होने तक गृह रक्षकों की देखरेख में संचालित होंगी शराब दुकानें।

**************